

# केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों एवं गृह मंत्रालय के अधीन अन्य विभागों के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का उद्घाटन समारोह

## श्री राजनाथ सिंह
मानननीय गृह मंत्री





गृह मंत्रालय, भारत सरकार


श्री राजनाथ सिंह,

# संदेश

गृह मंत्री

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल देश के प्रत्येक हिस्से में आंतरिक कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने, सीमाओं की रक्षा, देश में निष्पक्ष आम चुनाव करवाने, आपदा के समय राहत एवं बचाव अभियान, देश के महत्वपूर्ण स्थलों, स्मारकों, संस्थानों की सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण ड्यूटियों का निष्पादन पूर्ण निष्ठा व समर्पण भाव से करते हैं। इनकी विषम परिस्थितयों में ड्यटियों को देखते हुए, डयूटी के दौरान उनको मिलने वाली सभी सुविधाओं एवं आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मंत्रालय ने प्राथमिकता के तौर पर ध्यान दिया। मुझे इस बात की अति प्रसन्नता है कि सभी केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रमुखों के सहयोग एवं प्रतिबद्धता से हमने तय सीमा में इन सभी परियोजनाओं को पूर्ण किया।

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि देश के केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों एवं जवानों के लिए प्रशासनिक ब्लॉक, एमटी गैरेज, अधिकारी एवं अधीनस्थ अधिकारी मैस का निर्माण, जवानों के परिवारों के लिए टाइप–2/3/4 के आवासों का निर्माण, महिलाओं व जवानों के लिए बैरक, अस्पताल, क्वार्टर गार्ड इत्यादि मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने से संबंधित पुस्तिका प्रकाशित की जा रही है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पुस्तक में जो भी सूचनाएं समाहित की गई है, वह हमारे अधिकारियों एवं जवानों के लिए लाभकारी होगीं।

मुझे इस बात की भी प्रसन्नता है कि गृह मंत्रालय के अधीन अन्य विभागों की परियोजनाओं को भी वरीयता दी गई एवं उन परियोजनाओं को भी तय सीमा में पूर्ण किया गया।

मैं, बी.एस.एफ., सी.एफ.एस.एल., सी.आई.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., दिल्ली पुलिस, आई.टी.बी.पी., एल.पी.ए.आई. एवं एस.एस.बी. के प्रमुखों तथा उनकी टीम को इस पुस्तिका के संकलन एवं प्रकाशन के लिए दिए गए बहुमूल्य सहयोग के लिए अपनी शुभकामनाएं देता हूँ।



**राजनाथ सिंह**

**(राजनाथ सिंह)**
गृह मंत्री, भारत सरकार

# संदेश

गृह राज्य मंत्री



**किरण रीजीजू**

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों ने देश की आंतरिक सुरक्षा में सबसे मजबूत स्तम्भ के रूप में कानून और व्यवस्था को बनाए रखने, आतंकवाद की चुनौती का मुकाबला तथा महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और संस्थानों की सुरक्षा के साथ–साथ राष्ट्र के मान–सम्मान को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। इसके अतिरिक्त इन्होने अपनी बहुमुखी प्रतिभा से देश की संप्रभुता को अक्षुण बनाए रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। मुझे इस बात की अति प्रसन्नता है कि हमारे मंत्रालय ने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ संपर्क एवं सहयोग से मिलने वाली सभी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित परियोजनाओं को समय से पूरा किया।

मैं, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों एवं जवानों के लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने से संबंधित सूचनाओं को समाहित करते हुए इस पुसतिका में दी गई जानकारी हमारे अधिकारियों एवं जवानों के लिए लाभप्रद होगी।

मुझे इस बात की भी प्रसन्नता है कि गृह मंत्रालय के अधीन अन्य विभागों की परियोजनाओं को भी वरीयता दी गई एवं उन परियोजनाओं को भी तय सीमा में पूर्ण किया गया।

मैं, बी.एस.एफ., सी.एफ.एस.एल., सी.आई.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., दिल्ली पुलिस, आई.टी.बी.पी., एल.पी.ए.आई. एवं एस.एस.बी. के सभी अधिकारियों एवं जवानों को इस पुस्तिका के संकलन एवं प्रकाशन मे सहयोग के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

**(किरण रीजीजू)**
गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार

# संदेश

गृह राज्य मंत्री



हंसराज गंगाराम अहीर

मुझे हार्दिक प्रसन्नता है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने देश के केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों एवं जवानों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विगत समय में विशेष ध्यान देते हुए काफी काम किए हैं। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि हमारे केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल देश के प्रत्येक हिस्से में अपने परिवार व स्वयं की परवाह किए बगैर दिन रात अपनी डयूटी के प्रति समर्पित रहते हुए देश की आन, बान और शान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने के लिए सदैव तैयार रहते हैं।

राष्ट्र की रक्षा के लिए केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में वीरता और कर्तव्य परायणता की परम्परा रही है और इनकी निष्ठापूर्ण राष्ट्रभक्ति को देखते हुए हमारे मंत्रालय का भी यह दायित्व बनता है कि आज के सामाजिक परिवेश और जीवनशैली के अनुसार हमारे बलों के जवानों एवं उनके परिवारजनों को वो सारी सुविधाएं मिले जिससे उनका जीवन स्तर सम्मानजनक हो सके। इसी उद्देश्य से भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा जवानों एवं अधिकारियों के लिए प्रशासनिक ब्लॉक, मैस का निर्माण तथा उनके परिवारजनों के लिए सरकारी आवासों का निर्माण एवं अस्पताल इत्यादि मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने से संबंधित पुस्तिका का प्रकाशन हर्ष का विषय है।

मैं, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशकों तथा उनकी टीम को इस पुस्तिका के संकलन एवं प्रकाशन के लिए शुभकामनाएं देता हूँ।

**(हंसराज गंगाराम अहीर)**
गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार

# संदेश

गृह मंत्रालय



राजीव गौबा

मुझे यह जानकर अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों एवं जवानों के लिए मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने से संबंधित इस पुस्तिका का प्रकाशन किया गया है।

आज के इस आधुनिक दौर में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल देश की आंतरिक सुरक्षा जैसे संवेदनशील कार्य को बखूबी निभा रहे हैं। आज इन बलों की अधिकतर तैनाती छत्तीसगढ जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र, जम्मू–कश्मीर जैसे आतंकवाद ग्रस्त क्षेत्रों में एवं देश की संवेदनशील सीमाओं पर हैं तथा अपने कर्तव्यों को निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कर रहे हैं। ऐसे में उन सभी अधिकारियों एवं जवानों के साथ–साथ उनके परिवारों के कल्याण के प्रति हमारी जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाती हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के अधिकारियों एवं जवानों के रहने की मूलभूत सुविधाओं एवं उनके बच्चों के अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के उददेश्य से विभिन्न प्रकार के सरकारी आवासों के निर्माण करने से संबंधी सूचनाओं से संबंधित पुस्तिका का प्रकाशन किया गया है, जो हमारे जवानों के लिए निःसंदेह लाभप्रद होगा।

मुझे इस बात की भी प्रसन्नता है कि गृह मंत्रालय के अधीन अन्य विभागों की परियोजनाओं को भी वरीयता दी गई एवं उन परियोजनाओं को भी तय सीमा में पूर्ण किया गया।

मैं, बी.एस.एफ., सी.एफ.एस.एल., सी.आई.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., दिल्ली पुलिस, आई.टी.बी.पी., एल.पी.ए.आई. एवं एस.एस.बी. के सभी अधिकारियों, जवानों एवं कार्मिकों को इस पुस्तिका के सफल प्रकाशन के लिए हार्दिक बधाई देता हूँ।

(गृह सचिव)
गृह मंत्रालय, भारत सरकार

# CENTRAL FORENSIC SCIENCE LABORATORY

- CFSL, BHOPAL, M.P.
- CFSL, GUWAHATI, ASSAM

# CFSL, BHOPAL, M.P.

**Sanctioned Cost**

₹ 53.72 Crore

**Date of start**

14/03/2014

**Date of completion**

31/01/2019

**Details**

Establishment of new CFSLS, expansion and modernization of existing CFSLS under DFSS









# CFSL, GUWAHATI, ASSAM

## Sanctioned Cost

₹ 50.07 Crore

## Date of start

14/03/2014

## Date of completion

31/01/2019

## Details

Establishment of new CFSLS, expansion and modernization of existing CFSLS under DFSS







